निबंधन एवं शर्तें

तकनीकी अधिकारी (वित्त)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उत्तरदायित्व:

1. वित्तीय नियोजन के लिए आवश्यक डेटा एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना।
2. वित्त और प्रबंधन के औचित्य पर ऐतिहासिक आंकड़ों के आधार पर राज्य / जिला वार्षिक कार्य योजनाओं और बजटीय प्रावधानों का मूल्यांकन करने के लिए केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग के नियोजन अनुभाग के साथ निकट सहयोग में काम करना।
3. राज्य / जिला स्तर के वित्त प्रबंधन की निगरानी और मूल्यांकन और मध्यावधि सुधार का सुझाव देना।
4. राष्ट्रीय वित्त नीतियों में परिवर्तन के अनुरूप कार्यक्रम के वित्तीय दिशानिर्देश को अद्यतन और संशोधित करने में केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग की सहायता करना।
5. राष्ट्रीय कार्यनीतिक योजना के साथ वित्तीय आवश्यकताओं, वित्तीय पूर्वानुमान और संरेखण वित्त योजना का रुझान, विश्लेषण और प्रक्षेपण।
6. कार्यक्रम वित्तीय दिशानिर्देशों को एनआरएचएम वित्तीय दिशानिर्देशों के साथ संरेखित करना।
7. आवश्यक वित्तीय मार्गदर्शन के साथ कार्यक्रम की खरीद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन का समर्थन करना।
8. दाता प्रबंधन में केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग की सहायता करना।
9. कार्यक्रम के वित्तीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एनआरएचएम वित्त के साथ निकट सहयोग में काम करना।
10. एसपीएमयू / डीपीएमयू में वित्त कर्मियों के साथ समन्वित वित्तीय रिपोर्ट जैसे एफएमआर, एसएफपी जमा करना सुनिश्चित करना।
11. राज्य / जिला स्वास्थ्य सोसाइटी द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षक द्वारा एनटीईपी के खातों के ऑडिट में सहायता करना।
12. वित्तीय कार्यक्रम और प्रबंधन पर राज्य कार्यक्रम प्रबंधकों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
13. वित्तीय स्वीकृति, राज्यों / राष्ट्रीय संस्थानों को धन जारी करना। अग्रिमों के अंतर्गत खातों का निपटाना।
14. ब्यूरो ऑफ प्लानिंग से मांगे गए वित्त से संबंधित कोई भी जानकारी प्रदान करना।
15. वार्षिक कार्य योजना तैयार करने में सहायता करना।
16. सी एंड एजी द्वारा उठाए गए विभिन्न पैरा के उत्तर देना (आवंटित बजट से बचत अति व्यय)।
17. दवाओं की लागत का अनुमान और सरकारी खातों में समायोजन।
18. सीटीडी संविदा कर्मचारियों के लिए 16ए के फार्म जारी करना और वेतन बनाना।
19. जन डेटा गतिविधि के लिए संबंधित डेटा प्रविष्टि, सत्यापन और इसके उपयोग के लिए आईसीटी और निक्षय टूल्स के उपयोग के संबंध में परिवर्तन प्रबंधन को कारगर बनाना एवं जन स्वास्थ्य कार्य हेतु इसका उपयोग।
20. कार्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार सौंपा गया अन्य कार्य।।

अनिवार्य योग्यता/अपेक्षाएं:

कॉमर्स में न्यूनतम 60% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री और वित्त प्रबंधन में 5 साल का अनुभव या वित्तीय प्रबंधन और लेखा विषय के साथ एमबीए एवं वित्त प्रबंधन में 3 साल का अनुभव।

2. कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान

अधिमान योग्यता / कौशल:

सरकारी या निजी क्षेत्र में खातों को संभालने का 5 वर्ष का अनुभव

2. पूरी तरह से कंप्यूटर साक्षर।

रिपोर्टिंग अधिकारी:

एडीडीजी-टीबी तकनीकी अधिकारी (वित्त) के समग्र प्रभारी होंगे।

आयु:

65 साल तक और बड़े पैमाने पर यात्रा करने के लिए तैयार रहना।

पारिश्रमिक:

पारिश्रमिक सीमा: रुपये 90,000 से रुपये 1,30,000 प्रतिमाह के बीच।

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Jul-2020** तक केवल recruitments.ctb@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।